Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 30 सितंबर, 2022

अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस

प्रत्येक वर्ष **30 सितंबर** को '**अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस**' के रूप में मनाया जाता है। आधिकारिक तौर पर **पहला अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस वर्ष 2017 में** मनाया गया था। **अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस,2022 की थीम 'ए वर्ल्ड विदाउट बैरियर'** है। 24 सितंबर, 2017 को **संयुक्त राष्ट्र महासभा** ने एक संकल्प पारित कर 30 सितंबर को 'अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस' घोषित किया। 30 सितंबर को सेंट जेरोम (St. Jerome) की पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि स्वरुप चुना गया है। **सेंट जेरोम बाइबल अनुवादक (Translator) हैं, जिन्हें अनुवादकों के संरक्षक संत के रूप में जाना जाता है।** अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस को मनाने के लिये जारी संकल्प की वकालत **इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ ट्रांसलेटर्स (FTI)** सहित **इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ कॉन्फ्रेंस इंटरप्रेटर्स, क्रिटिकल लिंक इंटरनेशनल, इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल ट्रांसलेटर्स एंड इंटरप्रेटर्स, रेड टी, वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटर्स** तथा अन्य कई संगठनों ने की। अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस मनाने की शुरुआत **इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ ट्रांसलेटर्स-एफआईटी** ने की थी। एफआईटी की स्थापना वर्ष 1953 में हुई थी और वर्ष 1991 में इस फेडरेशन ने दुनिया भर के अनुवादक समुदायों को एकजुट करने के लिये आधिकारिक तौर पर इस दिवस को मान्यता प्रदान करने के विचार की शुरुआत की।

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 30 सितंबर, 2022 को नई दिल्ली में **राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार** प्रदान किये। वर्ष 2020 का **दादा साहेब फाल्के पुरस्कार प्रसिद्ध अभिनेत्री आशा पारेख** को प्रदान किया गया। श्रेष्ठ फीचर फिल्म पुरस्कार तमिल फिल्म **सोरारई पोट्टरू** को मिला। हिंदी फिल्म **तान्हाजी: द अन्संग वॉरियर** को संपूर्ण मनोरंजन के लिये श्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया गया।**अजय देवगन और सूर्या को फिल्म तान्हाजी: द अन्संग वॉरियर एवं सोरारई पोट्टरू (Soorarai Pottru) के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेता** का पुरस्कार मिला। **अर्पणा बालमुरली** को सोरारई पोट्टरू के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। सचिदानंद के. आर. को मलयालम **फिल्म ए के अय्यपनम कोश्यूम** के लिये सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार दिया गया। मराठी **फिल्म सूमी** को सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म का पुरस्कार तथा मनोज मुंतशिर को हिंदी **फिल्म साइना** के लिये सर्वश्रेष्ठ गीत का पुरस्कार प्रदान किया गया। **राहुल देशपांडे को मराठी** फिल्म **मी बसंतराव** के लिये **सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्व गायक का पुरस्कार एवं ननचंबा को मलयालम फिल्म ए के अय्यपनम कोश्यूम** के लिये **सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका** का पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा कन्नड़ फिल्म **तालेदंडा को पर्यावरण संरक्षण पर सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार** मिला, बांग्ला फिल्म अभियांत्रिक के लिये सुप्रतिमभोल को सर्वश्रेष्ठ छायांकन का पुरस्कार दिया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-30-september-2022